कार्यक्रम : 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा न्यायविदों का उत्कर्ष' अखिल भारतीय ज्यूरिस्ट कॉन्फ्रेन्स का ब्रह्माकुमारीज़ के ज्ञानसरोवर परिसर में आयोजन

# स्वयं को सशक्त करके ही न्यायविद संसार को दे पायेंगे सामाजिक न्याय

## सम्मेलन में देश के हर क्षेत्र से न्याय व्यवस्था से जुड़े महानुभावों ने लिया भाग




**ज्ञानसरोवर-मा.आबू।** ब्रह्माकुमारीज़ ज्ञानसरोवर परिसर के हार्मनी हॉल में ज्यूरिस्ट विंग द्वारा 'आध्यात्मिक सशक्तिकरण द्वारा न्यायविदों का उत्कर्ष' विषय पर आयोजित अखिल भारतीय ज्यूरिस्ट कॉन्फ्रेन्स में देश के हर क्षेत्र से न्याय व्यवस्था से जुड़े महानुभावों ने भाग लिया।

इस अवसर पर संस्थान के अति. महासचिव राजयोगी ब्र.कु. बृजमोहन भाई ने सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जो हमारे पास होगा हम दुनिया को वही दे पायेंगे। बिना किसी भेद भाव के हमें सभी को शुभ भावना-शुभ कामना देनी है। उन्होंने कहा कि हम सभी परमात्मा की शक्ति लेकर अपना सशक्तिकरण करते हैं। उन पर अपना ध्यान लगा कर बल प्राप्त करते हैं। इस कला को सीख कर हम सभी अपना उत्कर्ष कर पाएंगे। ज्यूरिस्ट विंग की चेयरपर्सन राजयोगिनी ब्र.कु. पुष्पा दीदी ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराते हुए कहा कि आध्यात्मिकता के माध्यम से ही कोई भी अपने जीवन को मूल्यवान बना कर न्याय प्रदान कर पाएगा। ओडिशा हाई कोर्ट के जज बी.डी. सारंगी ने कहा कि न्यायविदों को समयबद्धता का पालना करना चाहिए और हर प्रकार की माया और मोह से खुद को दूर रखना होगा। एम्पावरमेंट की यही पहली शर्त होगी। ज्यूरिस्ट विंग की नेशनल कोऑर्डिनेटर राजयोगिनी ब्र.कु. लता बहन ने सभी मेहमानों का स्वागत किया एवं परम पिता परमात्मा को सुप्रीम ज्यूरिस्ट बताते हुए कहा कि वह जानी-जाननहार है और उनको हमारी सारी जानकारी रहती है। उनकी श्रीमत पर चलकर ही हम सशक्त बनेंगे। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश वी.ईश्वरैया ने कहा कि हम स्वयं को अर्थात् आत्मा को सशक्त और जागृत करके ही संसार को सामाजिक न्याय दे पायेंगे। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के पूर्व जज बी.डी. राठी ने कहा कि एकाग्रता की शक्ति के आधार पर हम सही निर्णय ले पाते हैं। एकाग्रता की शक्ति आती है परमात्मा के साथ मन को युक्त कर देने से। इसी का नाम है आध्यात्मिकता। मुम्बई से ज्यूरिस्ट विंग की नेशनल कोऑर्डिनेटर डॉ. रश्मि ओझा, पंकज घीया आदि ने भी अपने विचार रखे। कर्नाटक हाई कोर्ट के पूर्व जज पच्चापुरे ने बताया कि हम सभी को हमेशा शांत रहना चाहिए तभी हम न्यायविद न्याय कर पायेंगे। कार्यक्रम में संदीप अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं ज्यूरिस्ट विंग की मुख्यालय संयोजिका ब्र.कु. श्रद्धा बहन ने संचालन किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सुख शांति भवन में कार्यक्रम...

## सरकारी चिकित्सकों के निर्देशन में किया गया योगाभ्यास

**मोहाली-पंजाब।** ब्रह्माकुमारीज़ के सुख शांति भवन फेज़ 7 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्र.कु. भाई-बहनों ने भाग लिया। मोहाली जिला



प्रशासन की ओर से आईं खरड़ से डॉ. कृतिका भनोट, झंडेड़ी सरकारी डिस्पेंसरी से डॉ. कविता भंडारी, आम आदमी क्लीनिक पलहेड़ी से डॉ. मनीला व ब्र.कु. मीना बहन ने शारीरिक व्यायाम अथवा योगा का संचालन किया तथा मंच पर 11 राजयोग विशेषज्ञों ने सामूहिक राजयोग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मोहाली-रोपड़ क्षेत्र के राजयोग सेवाकेन्द्रों की निदेशिका ब्र.कु. प्रेमलता बहन ने कहा कि राजयोग तन व मन दोनों को स्वस्थ बनाता है। इसी योगाभ्यास से मानव मानवीय मूल्यों को धारण कर समाज में स्नेह, सद्भावना, विश्वास, दया व भाईचारे की भावनाओं को सुदृढ़ कर आतंक, हिंसा व भ्रष्टाचार से निजात पा सकता है। मोहाली-रोपड़ क्षेत्र के राजयोग सेवाकेन्द्रों की सह-संचालिका ब्र.कु. रमा बहन ने बताया कि किसी चीज़, व्यक्ति व स्थान को याद करना भी योग है जबकि राजयोग परमात्म मिलन व स्वयं को जानने, समझने और अनुभव करने का सर्वोत्तम दिव्यास्त्र है। राजयोग से समूची मानव जाति को एकता के सूत्र में पिरोया जा सकता है।

# 'सशक्त मीडिया-सशक्त समाज' के अंतर्गत मीडिया सेमिनार

## 'सशक्त पत्रकार' सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माता : ब्र.कु. गंगाधर भाई

### मंगलायतन विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विद्यार्थियों सहित प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मीडियाकर्मी रहे शामिल

**हाथरस-आनंदपुरी कॉलोनी(उ.प्र.)।** ब्रह्माकुमारीज़ सेवाकेन्द्र के ओम शान्ति सभागार में 'सशक्त मीडिया-सशक्त समाज' के अंतर्गत आयोजित मीडिया सेमिनार में ओमशान्ति मीडिया पत्रिका के संपादक राजयोगी ब्र.कु. गंगाधर भाई ने कहा कि दिन भर स्वयं की और परिवार की ज़िम्मेदारियों को सम्भालने के लिए समाज में होने वाली विभिन्न नकारात्मक और सकारात्मक खबरों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भागती-दौड़ती ज़िंदगी में से रोज़ कुछ पल स्व-सशक्तिकरण हेतु निकालने से जीवन कर्मयोगी बन जाता है। टी.वी. 30 मीडिया नेटवर्क के डायरेक्टर एवं अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय सचिव राजदीप तोमर ने कहा कि जब कभी भी ब्रह्माकुमारीज़ संगठन द्वारा पत्रकारों का सम्मेलन होता है तब मैं इसमें अपनी पूरी टीम के साथ अवश्य भाग लेने का प्रयास करता हूँ। दैनिक जागरण के इगलास तहसील प्रभारी योगेश कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के संगठन में आकर स्वयं को रियलाइज़ करने का अवसर मिलता है। उत्तर प्रदेश टी.वी. एवं मंगलायतन विश्वविद्यालय की मीडिया प्रमुख मनीषा उपाध्याय ने कहा कि ब्रह्माकुमारीज़ ही ऐसा संगठन है जो हमारे बारे में सोचता है। चरखी दादरी सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. प्रेम दीदी ने सभी को राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास कराया। स्थानीय सेवाकेन्द्र संचालिका ब्र.कु. शान्ता बहन ने सभी का आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर से शुभम गुप्ता, पंजाब केसरी से सुराज मौर्या, ए.वी.पी. गंगा से पी.एन. शर्मा, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष शम्भूनाथ पुरोहित, शहीदी दरिया से आर्यव्रत पुरोहित, वेलकम इंडिया से जितेन्द्र कुमार, दैनिक भास्कर से अनिल चौधरी, पब्लिक दर्पण न्यूज़ से नवीन शर्मा, टी.वी.30 से राहुल शर्मा व अमित कुमार शर्मा, इण्डिया न्यूज़ से सुनील कुमार व अन्य मीडियाकर्मियों सहित मंगलायतन विश्वविद्यालय से पत्रकारिता के विद्यार्थीगण मौजूद रहे।



# 'राजयोगी किड्स समर कार्निवाल' का शांतिवन में आयोजन



**शांतिवन।** ब्रह्माकुमारीज़ के शांतिवन परिसर में आयोजित 'राजयोगी किड्स कार्निवाल' में भाग लेने के लिए देशभर से बच्चे पहुंचे। संस्थान के शिक्षा प्रभाग द्वारा आयोजित कार्निवाल में बच्चों के लिए मेडिटेशन, चित्रकला, नृत्य, गायन, नींबू रेस, चम्मच रेस, बोरा रेस, खो-खो, भाषण, निबंध लेखन व अन्य स्पर्धाएं आयोजित की गई साथ ही खेल-खेल में मूल्य शिक्षा भी दी गई। समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। शांतिवन के कॉन्फ्रेन्स हॉल में कार्निवाल के शुभारंभ पर कार्यकारी सचिव डॉ. ब्र.कु. मृत्युंजय भाई ने कहा कि देशभर से आए आप सभी बच्चे बहुत भाग्यशाली हैं कि आप परमात्मा के घर में आए हैं। यहां जो शिक्षा मिलती है उससे आपका जीवन महान बन जाएगा। संस्थान की शुरुआत में भी सभी वरिष्ठ दादियों ने बच्चों के रूप में ही मूल्य शिक्षा ली थी और अपने साथ लाखों लोगों का जीवन श्रेष्ठ बना दिया। संचालन करते हुए अजमेर से आईं ब्र.कु. योगिनी बहन ने कहा कि संकल्प करें कि जीवन की किसी भी प्रतियोगिता में आप प्रथम आएं या फेल हो जाएं लेकिन मन से निराश नहीं होंगे। इस मौके पर बच्चों को एक्टिविटीज़ कराने के लिए अलग-अलग ग्रुप बनाए गए। इन ग्रुप के नाम वरिष्ठ दादयों के नाम पर दादी मनोहर हाउस, दादी चंद्रमणि हाउस, दादी प्रकाशमणि हाउस, दादी बृजेन्द्रा हाउस, दादी रतनमोहिनी हाउस आदि रखे गए। मधुरवाणी ग्रुप के ब्र.कु. सतीश भाई व ब्र.कु. भानू भाई ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हुआ।

देश भर से सैकड़ों बच्चों ने लिया इस कार्निवाल में भाग



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

RNI NO RAJHIN/2000/00721, POSTAL REGD. RJ/SIROHI/9623/21-23, Posting at Shantivan-307510 (Abu Road)
Licensed to post without prepayment RJ/WR/WPP/003/2021-23, Posting on 12th TO 14th and 22nd TO 24th each month, published on 3rd July, 2023
स्वामी - प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज़ ईश्वरीय विश्व विद्यालय, प्रकाशक, सम्पादक एवं मुद्रक- गंगाधर नरसिंघानी द्वारा कैपिटल ऑफसेट, L 801-I, Sector-28, GIDC Gandhinagar(Guj.) से मुद्रित एवं ओमशान्ति मीडिया, ब्रह्माकुमारीज़,शांतिवन-राज. से प्रकाशित।
कार्यालय - ओमशान्ति मीडिया
ब्रह्माकुमारीज़, शांतिवन,- 307510
See Latest News
www.omshantimedia.org